भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2061
दिनांक 30 जुलाई, 2026

एन्नौर पत्तन पर एलएनजी टर्मिनल और चेन्नई में पीएनजी की आपूर्ति

†2061. **श्री टी. आर. बालू:**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एन्नौर पत्तन स्थित एलएनजी आयात टर्मिनल अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की एन्नौर पत्तन स्थित एलएनजी आयात टर्मिनल की क्षमता को दोगुना करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अतिरिक्त क्षमता के कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

(घ) चेन्नई और उसके उपनगरों में घरों में पाइप से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए क्या कार्य योजना बनाई गई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) एन्नोर, तमिलनाडु में 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) एलएनजी आयात टर्मिनल का प्रचालन कर रही है। आईओसीएल ने सूचित किया है कि एन्नोर टर्मिनल की क्षमता उपयोग में वर्षों से लगातार वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2020-21 में 14.3% से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 25.18% हो गई है। टर्मिनल वर्तमान में अपनी स्थापित क्षमता 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) के सापेक्ष 1.26 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) पर कार्य कर रही है। आईओसीएल ने आगे सूचित किया है कि एन्नोर एलएनजी टर्मिनल का विस्तार टर्मिनल क्षमता उपयोग और तकनीकी वाणिज्यिक-व्यवहार्यता पर निर्भर करेगा।

(घ) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन संबंधित अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है और यह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। चेन्नई, चेन्नई और तिरुवल्लूर जिलों के भौगोलिक क्षेत्र (जीए) का हिस्सा है, जिसे टोरेंट गैस लिमिटेड को सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकृत किया गया है। सीजीडी अवसंरचना का कार्यान्वयन प्राधिकृत कंपनियों द्वारा पीएनजीआरबी द्वारा दिए गए प्राधिकार और अनुमोदित परियोजना कार्य योजना के अनुसार किया जाता है। दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत कंपनी ने जीए में 5,253 पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान किए हैं।

*****